Seventeenth Loksabha

>

Title: Request for an inquiry for ongoing work process of smart city project in Pimpri-Chinchwade and take action against those are defaulters in this project.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं यहां स्मार्ट सिटी के विषय पर अपनी बात रख रहा हूँ । माननीय प्रधान मंत्री जी की महत्वाकांक्षी स्मार्ट सिटी योजना देश के 100 शहरों में चल रही है । मेरे क्षेत्र पिम्परी-चिंचवड शहर में स्मार्ट सिटी का काम चल रहा है । जैसा कि केन्द्र सरकार द्वारा 50 प्रतिशत, राज्य सरकारों द्वारा 25 प्रतिशत तथा स्थानीय नगर निगमों के द्वारा 25 प्रतिशत का अंशदान इस कार्य हेतु दिया जाता है । पिम्परी-चिंचवड शहर में स्मार्ट सिटी का जो काम चल रहा है, उसमें टेक महिन्द्रा, एलएण्डटी, बीजी शिर्के, बेनेट कॉलमेन कंपनियां कार्य कर रही हैं, लेकिन असल में ये कंपनियां कार्य नहीं करती हैं । ये कंपनियां सब-ठेकेदारों को काम देती हैं । चूँकि ये ठेकेदार ठीक से काम नहीं करते हैं । मेरे चुनाव क्षेत्र में जो विकसित भाग है, वहां पर इसका काम चल रहा है । स्मार्ट सिटी की कमेटी और ठेकेदार पूरी तरह से मिलीभगत करके काम करते हैं । मेरी यह मांग है कि पिम्परी-चिंचवड शहर में चल रही स्मार्ट सिटी योजना के कार्य की पूरी निष्पक्षता के साथ जांच की जाए और जो दोषी लोग हैं, उनके ऊपर कार्रवाई की जाए ।

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, आप नोट कर लीजिए ।